<u>30-Sep-22</u>

<u>F</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

रेलटेल ने अपना 23वां स्थापना दिवस मनाया

आने वाले कुछ वर्षों में रेलटेल डाटा इकोनॉमी में एक एनेबलर बन जाएगा: श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,रेलटेल।

****

रेल मंत्रालय की एक मिनी रत्न सार्वजनिक उपक्रम रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, ने सिविल सर्विसेज अधिकारी सभागार नई दिल्ली में अपना 23वां स्थापना मनाया। कार्यक्रम में रेलटेल के श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आनंद कुमार सिंह, निदेशक/वित्त, डॉ.सुभाष शर्मा, स्वतंत्र निदेशक, श्री एन.मनोहरन, स्वतंत्र निदेशक, श्री राकेश रंजन, कार्यकारी निदेशक(दूर संचार विकास) रेल मंत्रालय, एवं सरकार द्वारा नामित निदेशक, डॉ.चंद्रमणि शर्मा, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं कॉर्पोरेट कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और परिवारों ने भाग लिया।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने अपने संबोधन में कहा, मैं पूरे रेलटेल परिवार को कंपनी के विकास में उनके समर्पण

और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद देता हूं। हम सभी कार्यक्षेत्रों में अनुभवी और युवाओं के साथ एक उभरती कंपनी हैं। यह हमारे लिए बहुत ही रोमांचक समय है चूंकि आने वाले वर्षों में दुनिया पूरी तरह डिजिटल की ओर बढ़ रही है अत: रेलटेल को डिजिटल परिवर्तन की गति में कई गुणा वृद्धि करने के बड़े अवसर प्राप्त होंगे। रेलटेल, एक आईटी, आईसीटी सेवा प्रदाता होने के नाते किसी भी संगठन की डिजिटल परिवर्तन यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हम नई तकनीकों को अपना रहे हैं और बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए खुद को अपग्रेड कर रहे हैं। आने वाले कुछ वर्षों में रेलटेल डाटा इकोनॉमी में एक एनेबलर बन जाएगा।

इस अवसर पर रेलटेल के स्वतंत्र निदेशक श्री एन मनोहरन ने कहा कि एक कंपनी के रूप में रेलटेल के पास ठोस बुनियाद और मजबूत प्रबंधन है। बाजार की आवश्यकता के अनुसार अनुकूलन क्षमता रेलटेल की यूएसपी/USP है जो आने वाले समय में रेलटेल को बड़े पैमाने पर विकसित करने में मदद करेगी।

अपने संबोधन में स्वतंत्र निदेशक/रेलटेल डा.सुभाष शर्मा ने कहा,"महानता हासिल करने के लिए महान दृष्टि बहुत महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि एक टीम के रूप में रेलटेल के पास इस कंपनी को अधिक ऊंचाई पर ले जाने का दृष्टिकोण है और मुझे विश्वास है कि हम सभी एक साथ मिलकर कुछ ही समय में ऐसा कर सकते हैं।

उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल की सांस्कृतिक टीम द्वारा मंत्रमुग्ध संगीत कार्यक्रम को प्रस्तुत करके भव्य संध्या को यादगार बनाया गया।

रेलटेल के बारे में :

रेल मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" रेलटेल देश के सबसे बड़े न्यूट्रल टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एवं आईसीटी

एवं सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक है, जिसका ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क पूरे भारतवर्ष में फैला है, जिसमें देश के अनेक नगर और शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। ऑप्टिक फाइबर के 61000+रूट किलोमीटर के एक विश्वसनीय नेटवर्क के साथ रेलटेल के MeitY empaneled tier III के दो डेटा सेंटर भी हैं। पूरे भारतवर्ष में अपने उच्च क्षमता वाले नेटवर्क के साथ, रेलटेल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक नॉलेज सोसाइटी के सृजन का कार्य किया जा रहा है और टेलीकॉम के क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन आधारित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी रेलटेल को चुना गया है। रेलटेल द्वारा अनेक सेवाएं जैसे एमपीएलएस, वीपीएन, टेलीप्रेजेन्स, लीज़्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सर्विसेस इत्यादि भी ऑफर की जाती हैं। रेलटेल द्वारा भारतीय रेल के साथ मिलकर पूरे देश में रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक वाई-फाई की व्यवस्था करते हुए रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का कार्य भी किया जा रहा है और इस समय 6100+ स्टेशन रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

....

For more details:

sucharita@railtelindia.com